मोहल्लों में करवाया गया सेनेटाइजेशन व नाला सफाई अभियान का कार्य

अफवान खाँ

(ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर। नगर निगम ने नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत सेनेटाइजेन का कार्य कराया गया। इसी कम में नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर के मो– एमनजई जलालननगर, गदियाना, दिलाजाक एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देख-रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में सफाई एवं सेनेटाइजेन का अभियान संचालित गया। एमनजई जलालनगर, खिरनीबाग, दिलाजाक, कचहरी, कलेक्ट्रेट, गदियाना, ऑफीसर्स कॉलोनी वेस हाउस, इन्दिरा नगर कॉलोनी, आर्यनगर कॉलोनी में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेन का कार्य कराया गया। जोन-2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवां कुमार दीक्षित द्वारा तारीन टिकली, कटिया टोला, तारीन बहादुरगजं एवं घनी बस्तियों में सेनेटाइजेन का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त महानगर के नालों की तलीझाड़ सफाई अभियान चलाया गया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त सश्मि भारती द्वारा

नगर क्षेत्र के सफाई जोन-01 में एमनजई जलालनगर में सादिक खाँ की मस्जिद के पास, महिला थाना के सामने बने नाले की हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया 7 निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया गया कि नाले से निकल रहें मलवे को यथाशीघ्र हटा दिया जायें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पडें। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहे।